राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चत्तरमाध्यमिकपाठ्यक्रम - राजनीति विज्ञान
पाठ 15: उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय
कार्यपत्रक–**15**

Q.1 "उच्च न्यायालय एक से अधिक राज्यों के लिए सामान्य (एक) हो सकता है", दिए गए कथन के प्रकाश में उच्च न्यायालयों की संरचना का वर्णन कीजिए।
Q.2 उच्च न्यायालय राज्य के न्यायिक प्रशासन मे शीर्ष स्थान रखता है, लेकिन उच्चतम न्यायालय की देखरेख में कार्य करता है, इस कथन के संदर्भ में उच्च न्यायालयों की कार्य प्रक्रिया को लिखिए।
प्र.**3** क्या विभिन्न राज्यों में अपने-अपने उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की संख्या भिन्न हो सकती है , यदि हां, तो कैसे? भारत के उच्च न्यायालयों की कुल संख्या को अपनी जानकारी के लिए सूचीबद्ध कीजिए।
Q.4 उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने के लिए आवश्यक योग्यताएं क्या होनी चाहिए और न्यायाधीशों के कार्यकाल कितना होता हैं।
Q.5 न्यायाधीश को कार्यकाल के दौरान उसके पद से हटाए जाने वाली प्रक्रिया के विषय मे अपने शब्दों मे लिखिए।
Q.6 " उच्च न्यायालय के पास रिट जारी करने की शक्ति है ", कृपया विभिन्न रिट के बारे में अपने शब्दों मे लिखिए।
प्रश्न **7** यदि किसी अदालत ने किसी विशेष मामले पर निर्णय दिया है तो क्या हम निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं, यदि हां, तो उस प्रक्रिया के विषय मे अपने शब्दों मे लिखिए।
Q.8 "उच्च न्यायालय के पास अपने अधिकार क्षेत्र के तहत मामले को स्थानांतरित करने की शक्ति है ", इस कथन को उदाहरण सहित अपने शब्दों मे समझाइए।
Q.9 दीवानी, फौजदारी और राजस्व मामलों में अंतर होता है, इस अंतर को एक तालिका द्वारा उदाहरण सहित लिखिए।
Q.10 प्रत्येक जिले में दीवानी और फौजदारी अदालतों का प्रावधान है - इन अदालतों की शक्ति और कार्य प्रक्रियाओं की व्याख्या कीजिए।